गुरुदेव मेरे गुरुदेव मेरे

गुरुदेव मेरे, गुरुदेव मेरे ,
जो तू नहीं तो कुछ भी नहीं है,
है तू जहाँ पर, मंज़िल भी वहीँ है ।
गुरुदेव मेरे..........

गंगा यमुना बहती है, गुरुवर तेरे चरणों में ,
मेरा सब जीवन है गुरुवर, तेरे चरणों में ,
मुझे जीना भी यहीं है, मुझे मरना भी यहीं है ।
गुरुदेव मेरे..........

तेरी ये लीला गुरुवर, जग में न्यारी है,
सारा जग पूजे तुझको, तू सबका मालिक है ,
मुझे जीना भी यहीं है, मुझे मरना भी यहीं है,
गुरुदेव मेरे..........

मेरे ज्ञान के चक्षु गुरुवर, तुमने खोले है,
अच्छी राह दिखाते गुरुवर, कितने भोले है ,
मेरे माता भी तुम्हीं हो, मेरे पिता भी तुम्हीं हो,
गुरुदेव मेरे..........

तुमसे मिलने को गुरुवर, दिन रात मैं रोता हूँ ,
कैसे तुमसे मिल पाऊँ, येही सोचा करता हूँ ,
मुझमें शक्ति भी नहीं है, मुझमें भक्ति भी नहीं है

गुरुदेव मेरे, गुरुदेव मेरे ,
जो तू नहीं तो कुछ भी नहीं है,
है तू जहाँ पर, मंज़िल भी वहीँ है ।
गुरुदेव मेरे..........

संकलनकर्ता :- राज कुमार नामदेव, बिजनौर ।

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/3417/title/gurudev-mere-gurudev-mere-jo-tu-nhi-to-kuch-bhi-nhi-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |